QB365-Question Bank Software

**Series HRK/1** **SET-2**

कोड नं.
Code No. **32/1/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11 + 2** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages + **2** maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# संकलित परीक्षा - II

# SUMMATIVE ASSESSMENT - II

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 90*

[P.T.O.

QB365-Question Bank Software

***सामान्य निर्देश:***

*(i)* *इस प्रश्न–पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **8** तक अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **9** से **20** तक प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **21** से **28** तक प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **29** और **30** इतिहास और भूगोल के मानचित्र संबंधी प्रश्न 3–3 अंक के हैं। इन्हें पूरा करने के बाद, मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका के अंदर नत्थी कर दीजिए।*

***General Instructions :***

*(i)* *The question paper has **30** questions in all. All questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to **8** are Very Short Answer Questions. Each question carries **1** mark. Answers to these should not exceed **30** words.*

*(iv)* *Questions from serial number **9** to **20** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **21** to **28** are **5** marks questions. Answers of these questions should not exceed **120** words each.*

*(vi)* *Question number **29** and **30** are map questions of **3** marks each from History and Geography both. After completion, attach the maps inside your answer-book.*

**1.** 1930 में दलितों को 'दमित वर्ग एसोसिएशन' में किसने संगठित किया था ? 1

Who organised Dalits into the 'Depressed Classes Association' in 1930 ?

**2.** 'उत्तर-दक्षिण गलियारे' के दक्षिणी छोर के स्थान का नाम लिखिए। 1

Name the southern terminal station of the 'North-South Corridor.'

**3.** यदि आप किसी सरकारी विभाग के कार्य-कलापों की सूचना प्राप्त करना चाहते हैं, तब आप किस अधिकार का प्रयोग करेंगे ? 1

If you want to extract information about the functions of any government department, which right would you exercise ?

**4.** 'राजनीतिक दल' का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

Explain the meaning of 'political party.'

**5.** उपभोक्ता के 'चुनने के अधिकार' का कोई एक उदाहरण दीजिए। 1

Give any one example of consumer's 'right to choose.'

**6.** 'दबाव-समूहों' का निर्माण कैसे होता है ? 1

How do 'pressure groups' form ?

**7.** भारत के किसी एक 'दबाव-समूह' का उदाहरण दीजिए जो 'राजनीतिक दल' की एक शाखा के रूप में कार्य करता है। 1

Give an example of any 'pressure group' of India which functions as a branch of 'political party.'

**8.** आवश्यकताओं के दोहरे संयोग में छुपी समस्या को उजागर कीजिए। 1

Highlight the inherent problem in double coincidence of wants.

**9.** भारत में उपभोक्ता आंदोलन के प्रारंभ होने के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। 3×1=3

Analyse any three reasons for the beginning of the consumer movement in India.

**10.** शहरों में असहयोग आंदोलन के धीमा पड़ने के किन्हीं तीन कारणों का विश्लेषण कीजिए। 3×1=3

Analyse any three reasons for slowed down of Non-Cooperation Movement in cities.

**11.** "बैंक विनिमय के सशक्त साधन हैं।" तर्क देकर कथन की पुष्टि कीजिए। 3×1=3

"Banks are efficient medium of exchange." Support the statement with arguments.

**12.** दबाव समूह और आंदोलन; राजनीति को किस प्रकार प्रभावित करते हैं? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

How do the pressure groups and movements influence politics ? Explain with examples.

**13.** वस्तुओं तथा सेवाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने-ले जाने के लिए परिवहन के तीव्र एवं सक्षम साधन क्यों आवश्यक हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

Why do the movement of goods and services from one place to another require fast and efficient means of transport ? Explain with examples.

**14.** कृषि तथा उद्योगों की पारस्परिक निर्भरता को उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

Explain with examples the interdependence of agriculture and industries.

**15.** 'आंदोलन' हित समूहों से किस प्रकार भिन्न हैं ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

How are 'movements' different from interest groups ? Explain with examples.

**16.** फ्रांसीसी क्रांतिकारियों द्वारा फ्रांसीसी लोगों में सामूहिक पहचान की भावना पैदा करने के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का वर्णन कीजिए। 3×1=3

**अथवा**

वियतनाम पर फ्रांसीसियों के कब्जे के बाद वियतनामियों की जिंदगी में आए किन्हीं तीन बदलावों का वर्णन कीजिए।

Describe any three steps taken by the French revolutionaries to create a sense of collective identity amongst the French people.

**Or**

Describe any three changes that came in the life of Vietnamese after the colonisation of Vietnam by the French.

**17.** लोकतंत्र को बेहतर बनाने वाले किन्हीं तीन मूल्यों का विश्लेषण कीजिए। 3×1=3

Analyse any three values that make democracy better.

**18.** स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रवाद को साकार करने में लोक कथाओं, गीतों एवं चित्रों आदि के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। 3×1=3

Evaluate the contribution of folklore, songs, popular prints etc., in shaping the nationalism during freedom struggle.

**19.** 'बहुराष्ट्रीय कंपनियों' के साथ मिलकर 'स्थानीय कंपनियां' किस प्रकार लाभान्वित होती हैं ? किन्हीं तीन लाभों का मूल्यांकन कीजिए। 3×1=3

How are 'local companies' benefited by collaborating with 'multinational companies' ? Evaluate any three benefits.

**20.** भारत में लौह अयस्क की 'ओडिशा–झारखंड पेटी' की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 3×1=3

Describe any three characteristics of 'Odisha-Jharkhand belt' of iron ore in India.

**21.** वैश्वीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी के योगदान का वर्णन कीजिए। 5×1=5

Describe the contribution of technology in promoting the process of globalisation.

**22.** भारत में राजनीतिक दलों में सुधार लाने के लिए किए गए किन्हीं पाँच प्रयासों का वर्णन कीजिए। 5×1=5

Describe any five efforts made to reform political parties in India.

**23.** 'भारत में सड़क परिवहन, अभी भी रेल परिवहन की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक है।' कथन की पुष्टि कीजिए। 5×1=5

'Roadways still have an edge over railways in India.' Support the statement.

**24.** सन् 1815 में 'वियना सम्मेलन' की मेजबानी किसने की ? 'वियना संधि' के द्वारा किए गये प्रमुख परिवर्तनों का विश्लेषण कीजिए। 1+4=5

**अथवा**

वियतनाम में साम्राज्यवाद विरोधी भावनाओं को जागृत करने में 'होआ-हाओ' आंदोलन की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

Who hosted 'Vienna Congress' in 1815 ? Analyse the main changes brought by the 'Vienna Treaty.'

**Or**

Analyse the role of 'Hoa-Hao' movement to arouse anti-imperialist sentiments in Vietnam.

**25.** 'राजनीतिक दलों' के प्रमुख कार्यों का विश्लेषण कीजिए। 5×1=5

Analyse the main functions of 'political parties.'

**26.** ''महात्मा गाँधी के विचारों और 'स्वराज' की अवधारणा के बारे में बागान मज़दूरों की अपनी समझ थी।'' कथन की पुष्टि कीजिए। 5×1=5

"Plantation workers had their own understanding of Mahatma Gandhi's ideas and the notion of 'Swaraj'." Support the statement.

**27.** बाजार में नियमों और विनियमों की आवश्यकता क्यों है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 5×1=5

Why are rules and regulations needed in the market ? Explain with examples.

**28.** भारत के पटसन उद्योग के सम्मुख किन्हीं दो प्रमुख चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए। राष्ट्रीय पटसन नीति के किन्हीं तीन उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए। 2+3=5

Explain any two main challenges faced by the jute industry in India. Explain any three objectives of National Jute Policy.

**29.** तीन लक्षण A, B और C, भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गईं रेखाओं पर लिखिए : 3×1=3

A. 'असहयोग आंदोलन' को वापस लेने से सम्बन्धित स्थान।

B. वह स्थान जहाँ 'किसानों का सत्याग्रह' शुरू हुआ था।

C. वह स्थान जहाँ 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' का अधिवेशन हुआ था।

Three features A, B and C are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked on the map :

A. The place, related to the calling off the 'Non-Cooperation Movement.'

B. The place where the 'Peasant's Satyagraha' was started.

C. Name the place where 'Indian National Congress' session was held.

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं :

(29.1) असहयोग आंदोलन को वापस लेने से सम्बन्धित स्थान का नाम लिखिए।

(29.2) गुजरात में वह कौन सा स्थान है, जहाँ किसानों ने 'सत्याग्रह' प्रारम्भ किया था।

(29.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।



QB365-Question Bank Software

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Q. No. 29 :

(29.1) Name the place related to the calling off the Non-Cooperation Movement.

(29.2) Which is the place where the peasants started 'Satyagraha' in Gujarat ?

(29.3) Name the place where Indian National Congress session was held in 1927.

**30.** भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : 3

A. सेलम – लोहा-इस्पात केन्द्र

B. कांडला – प्रमुख समुद्री पत्तन

C. हैदराबाद – सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क

On the given political outline map of India locate and label the following with appropriate symbols :

A. Salem – Iron and Steel Centre

B. Kandla – Major Sea Port

C. Hyderabad – Software Technology Park

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं :

(30.1) तमिलनाडु में स्थित आण्विक ऊर्जा संयंत्र का नाम लिखिए।

(30.2) ओडिशा में कौन सा प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है ?

(30.3) दुर्गापुर 'लोहा व इस्पात संयंत्र' किस राज्य में स्थित है ?

**Note :** The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Q. No. 30 :

(30.1) Name the Nuclear Plant located in Tamil Nadu.

(30.2) Which is the major Sea Port located in Odisha.

(30.3) In which state is Durgapur 'Iron and Steel Plant' located ?



QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

# MARKING SCHEME

## SOCIAL SCIENCE (DELHI)

**SECONDARY SCHOOL EXAMINATION**

**MARCH 2017**

## CODE NO. 32/1/2

| Q.NO. | EXPECTED ANSWERS/ VALUE POINTS | Page No. | MARKS |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. B. R. Ambedkar | H-68 | 1 |
| 2 | Kanyakumari | G-82 | 1 |
| 3 | RTI Act (Right to Information Act) | E-80 | 1 |
| 4 | Political party is a group of people who come together to contest elections and hold power in the government. | DP-72 | 1 |
| 5 | If a person wants to buy toothpaste and the shop owner says that she can sell the toothpaste only if the customer buys toothbrush. If you are not interested in buying the brush, you have right to deny.<br><br>Any other relevant example. | E-81 | 1 |
| 6 | Pressure groups are formed when people with common occupation interest, aspirations or opinion come together in order to achieve a common objective. | DP-63 | 1 |
| 7 | Trade unions/Students' organizations, INTUC, AITUC,ABVP,NISU | DP-67 | 1 |
| 8 | The inherent problem in double coincidence of wants is that both parties have to agree to sell and buy each others commodities. | E-39 | 1 |



QB365-Question Bank Software

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | **Reasons for the beginning of the Consumers Movement:**<br>i. Dissatisfaction of the consumers.<br>ii. Many unfair practices were being indulged in by the sellers.<br>iii. No legal system available to consumers to protect them from exploitation.<br>iv. Any other relevant point.<br>Any three points to be analysed. | **E-77** | **3x1=3** |
| 10 | **Reasons for slowing down of Non-Cooperation Movement:**<br>i. The Indians could not boycott for a long time because, Khadi cloth was more expensive than mass produced mill cloth and poor people could not afford to buy it.<br>ii. The boycott of British institutions posed a problem as alternative Indian institutions had to be set up so that they could be used in place of British ones.<br>iii. Students and teachers began trickling back to government schools and lawyers joined back work in government courts in the absence of alternate Indian Institutions.<br>iv. Any other relevant point.<br>Any three points to be analysed. | H-58 | 3X1=3 |
| 11 | **Banks are efficient medium of exchange:**<br>i. Demand deposits share the essential features of money.<br>ii. The facility of cheque against demand deposit make it possible to directly settle payment without use of cash.<br>iii. Demand deposits are accepted widely as a means of payment.<br>iv. Any other point.<br>Any three points to be explained. | E-41 | 3x1=3 |
| 12 | **Pressure groups and Movements influence politics:**<br>i. They try to gain public support and | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | sympathy for their goals and activities by carrying out information campaign, organizing meeting, filing petition etc. Most of these groups influence the media.<br>ii. They often organize protest activity like strike or disrupting govt. programme.<br>iii. Sometimes political parties grow out of movements.<br>iv. Most of the leaders of such groups are usually activists or leaders of parties. They influence politics.<br>v. Some persons from Pressure groups or movement groups may participate in official bodies and committees that often advise the government.<br>vi. Any other relevant point.<br><br>Any three points to be explained. | DP -66 | 3x1=3 |
| 13 | **Requirement of efficient means of transport:**<br>i. We use different materials and services in our daily life. Some of these are available in our immediate surroundings, while other requirements are met by bringing things from other places.<br>ii. Goods and services do not move from supply locales to demand locales on their own. The movement of these goods and services from their supply locations to demand locations necessitates the need for transport.<br>iii. The products come to the consumers by transportation.<br>iv. The pace of development of a country depends upon the production of goods and services as well as their movement over space.<br>v. Any other relevant point.<br><br>Any three points to be explained. | G-81 | 3x1=3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14 | **Interdependence of agriculture and industry :**<br><br>i. The agro-industries in India have given a major boost to agriculture by rising its productivity.<br><br>ii. They depend on the latter for raw materials.<br><br>iii. They sell their products such as irrigation pumps, fertilisesrs, insecticides, pesticides and PVC pipe, machines and tools etc. to the farmers.<br><br>iv. Development and competitiveness of manufacturing industries has not only assisted agriculturists in increasing their productions, but also made the production processes very efficient.<br><br>v. Any other relevant point.<br><br>Any three points to be explained. | G-65 | 3x1=3 |
| 15 | **Difference between interest groups and movements:**<br><br>i. Interest groups seek to promote the interest of a particular section or a group of society such as, trade unions/business association doctor etc. Whereas, the movements groups are issue specific that seek to achieve a single objective within a limited time frame such as the Nepalese movement for democracy/ Narmada Bachao Andolan etc.<br><br>ii. Interest groups promote collective rather than selective good such as BAMCEF(Backward and Minority Communities Employees Federation) whereas the movement groups are more general or generic movement that seek to achieve a broad goal in the very long term such as women's movement.<br><br>iii. Interest groups represent some common or general interest that needs to be defended such as FEDECOR whereas movement group are long term and involve more than one issue such as environmental movement.<br><br>iv. Any other relevant point of difference.<br><br>Any three differences to be analysed. | DP-64,65 | 3x1=3 |
| 16 | **Collective identity amongst French People:**<br><br>i. The ideas of La patrie (the father land) and le citoyen(the citizen) emphasised the notion of a united community enjoying equal rights under a constitution. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ii. A new French flag the tricolor, was chosen to replace the formal Royal standard.<br>iii. A centralized administrative system was put in place and it formulated uniform laws for all citizens within its territory.<br>iv. Internal customs duties and dues were abolished.<br>v. A uniform system of weights and measures was adopted.<br>vi. Any other relevant point.<br>Any three points to be described.<br>**OR**<br>**Change in the life of Vietnamese:**<br>i. Conflict with the colonizers in all areas of life.<br>ii. The most visible form of French control was military and economic domination.<br>iii. French built a system that tried to reshape the culture of the Vietnamese.<br>iv. Nationalism in Vietnam merged through the efforts of different sections of society to fight against the French and all they represented.<br>v. Any other relevant point.<br>Any three points to be described. | H-5<br><br>H-30 | 3x1=3<br><br>3x1=3 |
| 17 | **Values that make democracy better:**<br>i. Provides equality among citizens.<br>ii. Enhances the dignity of the individual.<br>iii. Improves the quality of decision making.<br>iv. Provides methods to resolve conflicts.<br>v. Allows to correct mistakes.<br>vi. Guarantees rights of citizens.<br>vii. Any other relevant point.<br>Any three points to be analysed. | DP-90 | 3x1=3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | **Role of folklore:**<br>i. History and fiction, folklore and songs, popular prints and symbols, all played a part in the making of Nationalism.<br>ii. Identity of India came to be visually associated with the image of Bharat Mata.<br>iii. In the 1870s Bankim Chandra Chattopadhyay wrote'Vande Mataram' as a hymn to the motherland.<br>iv. Idea of Nationalism also developed through a movement to revive Indian folklore.<br>v. Any other relevant point.<br>Any three points to be evaluated. | H-71 | **3x1=3** |
| 19 | **Benefits of Local Company by collaborating with MNC:**<br>i. MNCs provide money for additional investments like buying new machines for faster production.<br>ii. MNCs bring with them the latest technology for production.<br>iii. They have invested in newer technology and production methods and raised their production.<br>iv. Some have gained from successful collaborations with foreign companies.<br>v. Any other relevant point.<br>Any three points to be explained. | E-66,67 | 3x1=3 |
| 20 | **Odisha- Jharkhand Belt:**<br>i. In Odisha high grade hematite ore is found.<br>ii. It is found in Badampahar mines in the Mayurbhauj and Kendujhar districts.<br>iii. In the adjoining Singbhum district of Jharkhand hematite iron ore is mined in Gua and Noamundi.<br>iv. Any other relevant point.<br>Any three points to be described. | G-53 | 3x1=3 |


| | | | |
|---|---|---|---|
| 21 | **Contribution of technology in promoting the process of globalisation:**<br>i. Past fifty years have seen several improvement in transportation technology.<br>ii. This has made much faster delivery of goods across long distance possible at former costs.<br>iii. In recent times technology in the areas of telecommunication, computers and internet has been changing rapidly.<br>iv. Technology has facilitated the satellite communication devices.<br>v. Telecommunication facilities are used to contact one another around the world.<br>vi. Internet also allows us to send instant electronic mail(e-mail) talk(voice mail) across the world at negligible costs.<br>vii. Technology has facilitated the satellite communication devices.<br>viii. Any other relevant point.<br>Any five points to be explained. | **E-62,63** | **5X1=5** |
| 22 | **Efforts to reform for political parties in India:**<br>i. The constitution was amended to prevent elected MLAs and MPs from changing parties to stop defection.<br>ii. The Supreme Court passed an order to reduce the influence of money and criminals.<br>iii. It is mandatory for every candidate who contests election to file an affidavit giving details of his properly and criminal cases pending against him.<br>iv. The election commission paved an order making it necessary for political parties to hold their organizational elections and file their Income tax return.<br>v. The new system has made a lot of information available to the public.<br>vi. Any other relevant point.<br>Any five points to be described. | **DP-85,86** | **5X1=5** |


| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | **Roadways still have an edge over railways in India :**<br>i. Construction cost of roads is much lower than that railway line.<br>ii. Roads can traverse comparatively more dissected and undulating topography.<br>iii. Roads can negotiate higher gradient of slopes and as such can traverse mountains.<br>iv. Road transport is economical in transportation of a few persons and relatively smaller amount of goods over shorter distances as compared to railways.<br>v. It also provides door to door service, thus the cost of loading and unloading is much lower.<br>vi. Road transport is also used as a feeder to other modes of transport such as they provide a link between railway stations, airport and seaports.<br>vii. Any other relevant point.<br>Any five points to be explained. | G-82 | 5x1=5 |
| 24 | **Vienna Congress: The Congress was hosted by the Austrian Chancellor "Duke Metternich".** (1)<br>i. The Bourbon dynasty which had been deposed during the French Revolution was restored to power.<br>ii. France lost the territories it had annexed under Napoleon<br>iii. A series of states were setup on the boundaries of France to prevent French extension in future.<br>iv. Kingdom of the Netherlands, included Belgium was setup.<br>v. Prussia was given important new territories on its western frontiers.<br>vi. Any other relevant point.<br>Any four points to be analysed. (4x1)<br>**OR**<br>**Hoa-Hao Movement:**<br>i. It drew on religious ideas popular in anti French uprising of $19^{th}$ | **H-10,11** | **1+4=5** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | century.<br>ii. The founder Hoa-Hua performed miracles and help the poor.<br>iii. He criticised against the useless expenditure and had a wide appeal.<br>iv. Opposed the sale of child brides, gambling and the use of alcohol and opium.<br>v. Political parties often drew upon their support, but were uneasy about their activities.<br>vi. Significance of these movements in arousing imperialist sentiments should not be underestimated.<br>vii. They could not control or discipline these groups nor support their rituals and practices.<br>viii. Any other relevant point.<br>Any five points to be analysed. | **H-40** | **5X1=5** |
| 25 | **Main function of political parties:**<br>i. Contest election.<br>ii. Put forward different policies and programmes.<br>iii. Making laws.<br>iv. Form and run the government.<br>v. Role of opposition.<br>vi. Shape public opinion.<br>vii. Any other relevant point.<br>Any five points to be described. | DP-73,74 | 5X1=5 |
| 26 | **Plantation workers had their own understanding of Mahatma Gandhis' ideas and the notion of 'Swaraj':**<br>i. Freedom meant the right to move freely in and out of the confined space.<br>ii. Retaining a link with the village from which they had come.<br>iii. Plantation workers were not permitted to leave the tea gardens without | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | permission and in fact they were rarely given.<br><br>iv. When they heard of the Non-cooperation Movement, thousands of workers defied the authorities, left the plantation and headed home.<br><br>v. They believed that Gandhi Raj was coming and every one would be given land in their own villages.<br><br>vi. Any other relevant point.<br><br>Any five points to be explained. | **H-60** | **5X1=5** |
| 27 | **Need for rules and regulations:**<br><br>i. Individual consumers often find themselves in a weak position. Whenever there is a complaint regarding a good or service that had been bought, the seller tries to shift all the responsibility on to the buyer.<br><br>ii. Sometimes traders indulge in unfair trade practices, such as when shopkeepers weigh less than what they should.<br><br>iii. Markets do not work in a fair manner when producers are few and powerful. A long battle had to be fought with court cases to make cigarette manufacturing companies accept that their product could cause cancer.<br><br>iv. Large companies with huge wealth, power and reach can manipulate the market in various ways. At times false information is passed on through the media and other sources to attract consumers.<br><br>v. Consumer is also exploited when buyers purchase in small amount and are scattered. For example, a company for years sold powder milk for babies all over the world as the most scientific product claiming this to be better than mother's milk. It took years of struggle before the company was forced to accept that it had been making false claims.<br><br>vi. Any other relevant point.<br><br>Any five points to be examined. | E-76,77 | 5X1=5 |
| 28 | **Challenges faced by the jute industry:**<br><br>i. Stiff competition in the international market from synthetic substitutes.<br><br>ii. To stimulate demand the products need to be diversified.<br><br>iii. Stiff competition from the other competitors like Bangladesh, Brazil etc. | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | iv. Any other relevant point.<br>Any two points to be explained. (2x1)<br>**Objective of National Jute policy:**<br>i. Increasing productivity<br>ii. Improving quality.<br>iii. Ensuring good prices to the jute farmers.<br>iv. Enhancing the yield per hectare.<br>v. Any other relevant points. (3x1)<br>Any three points to be explained. | **G-70** | **2+3=5** |
| 29 | **See the attached filled map**<br>**For visually impaired candidates only:**<br>29.1 Chauri chaura<br>29.2 kheda<br>29.3 Madras(Chennai) | | **3x1=3** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| |  | | |
| 30 | **See the attached filled map**<br>**For visually impaired candidates only:**<br>30.1 Kalapakkam<br>30.2 Paradwip<br>30.3 West Bengal | | **3** |


MAP for Q. No. 30
32/1/1, 32/1/2, 32/1/3
KANDLA (B)
HYDERABAD (C)
SALEM (A)
15

# अंक योजना

## सेकेन्डरी स्कूल परीक्षा मार्च 2017

## सामाजिक विज्ञान

## कोड़ संख्या 32/1/2 (दिल्ली क्षेत्र)

| प्रश्न संख्या | मूल्य बिन्दु / संभावित उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 1 | **दलितों को दमित वर्ग ऐसोसिएशन में किसने संगठित किया**<br>डा0 बी0 आर0 अम्बेडकर<br>पृ.सं इति0 | 1 |
| 2 | उत्तर दक्षिण गलियारे का दक्षिणी छोर<br>कन्याकुमारी<br>पृ.सं 87 भू0 | 1 |
| 3 | आर0टी0आई0एक्ट (सूचना पाने का अधिकार)<br>पृ.सं 80 अर्थ0 | 1 |
| 4 | **राजनीतिक दल का अर्थ**<br>राजनीतिक दल लोगों का एक ऐसा संगठित समूह है जो चुनाव लड़ने और सरकार में राजनीतिक सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से काम करता है ।<br>पृ.सं 102 रा0शा0 | 1 |
| 5 | **चुनने के अधिकार का उदहारण**<br>यदि कोई एक व्यक्ति दंत मंजन खरीदना चाहता है और दुकानदार कहता है कि वह केवल दंत मंजन बेच सकता है जब वह दंत मंजन के साथ एक ब्रुश भी खरीदेगा । यदि आप ब्रुश खरीदने के इच्छुक नहीं है तब आपको मना करने का अधिकार है। कोई अन्य उदाहरण ।<br>पृ.सं 81 अर्थ0 | 1 |
| 6 | **दबाव समूहों का निर्माण**<br>हित समूह अमूमन समाज के किसी खास हिस्से अथवा समूह के हितों को बढ़ावा देने के लिए संगठन बनाकर गतिविधियां करते हैं।<br>पृ.सं 63 रा0शा0 | 1 |
| 7 | **राजनीतिक दल की एक शाखा के रूप में दबाव समूह**<br>मजदूर संगठन / छात्र संगठन – आई0एन0टी0यू0पी0सी0, ए0आई0टी0यू0सी0, ए0बी0वी0पी0, एन0आई0एस0यू0<br>पृ.सं 67 रा0शा0 | 1 |
| 8 | **आवश्यकता के दोहरे संयोग की समस्या**<br>दोनों पक्ष एक दूसरे से वस्तुएं खरीदने और बेचने पर सहमति रखते हों,उसे आवश्यकताओं का दुहरा संयोग कहा जाता है ।<br>पृ.सं 39 अर्थ0 | 1 |
| 9 | **उपभोक्ता आन्दोलन के प्रारम्भ होने के कारण**<br>i उपभोक्ताओं का असंतोष ।<br>ii व्यापारियों द्वारा अनुचित व्यापार करने में लगे होना ।<br>iii बाजार में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए नियम विनियम का न होना । | |

| | | |
|---|---|---|
| | iv कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित)<br>पृ.सं 77 अर्थ0 | 3x1=3 |
| 10 | **शहरों में असहयोग धीमा पड़ने के कारण**<br>(i) भारतीय लम्बे समय तक खादी का बहिष्कार नहीं कर सके क्योंकी खादी का कपड़ा मिलों में भारी पैमाने पर बनने वाले कपड़ों के मुकाबले मंहगा होता था ।<br>(ii) ब्रिटिश संस्थानों के बहिष्कार से भी समस्या थी । आन्दोलन की कामयाबी के लिए वैकल्पिक संस्थानों की स्थापना आवश्यक थी ताकि ब्रिटिश संस्थानों के स्थान पर उनका प्रयोग किया जा सके ।<br>(iii) फलतः विद्यार्थी और शिक्षक सरकारी स्कूलों में लौटने लगे और वकील सरकारी न्यायालयों में अपना काम शुरू करने लगे ।<br>(iv) कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 58 इति0 | 3x1=3 |
| 11 | **बैंक विनिमय के सशक्त साधन**<br>i मांग जमा मुद्रा का महत्वपूर्ण लक्षण प्रदान करती है ।<br>ii चेक से भुगतान के लिए भुगतान कर्त्ता, जिसका किसी बैंक में खाता है,बिना नकदी के उपयोग के भुगतान को सीधे–सीधे संभव बना है ।<br>iii मांग जमा भुगतान का व्यापक रूप से स्वीकृति का साधन है ।<br>iv कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 41 अर्थ0 | 3x1=3 |
| 12 | **दबाव समूहों और आन्दोलनों का राजनीति पर प्रभाव**<br>i दबाव समूह और आन्दोलन अपने लक्ष्य की प्राप्ति के जनता का समर्थन और सहानुभूति प्राप्त करने के लिए प्रयास करते हैं । इसके लिए सूचना अभियान चलाना, बैठक आयोजित करना, अर्जी दायर करना आदि जैसे तरीकों का सहारा लेते हैं । अधिकतर समूह मीडिया को प्रभावित करते हैं ।<br>ii ऐसे समूह प्रायः हडताल अथवा सरकारी कामकाज में बाधा पहचानने जैसे उपायों का सहारा लेते हैं ।<br>iii कभी कभी आन्दोलन राजनीतिक दल का रूप अपना लेते हैं ।<br>iv ऐसे समूहों के अधिकतर नेता राजनीतिक दलों के सक्रिय नेता होते हैं । ऐसे नेता राजनीति को प्रभावित करते हैं ।<br>iv दबाव समूह अथवा आन्दोलनकारी समूह के कुछ व्यक्ति सरकार को सलाह देने वाली समितियों और अधिकारिक निकायों में भाग लेते हैं ।<br>v कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित)<br>पृ.सं 66 रा0शा0 | 3x1=3 |
| 13 | **परिवहन के तीव्र एवं सक्षम साधनों की आवश्यकता**<br>i हम अपने दैनिक जीवन में विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं का प्रयोग करते हैं । इनमें से कुछ हमारे आसपास उपलब्ध होती है;जबकि कुछ अन्य वस्तुओं की आवश्यकता दूसरे स्थानों से लाकर की जाती है । | |

| | | |
|---|---|---|
| | ii वस्तुएं और सेवाएं मांग स्थल से आपूर्ति स्थल पर अपने आप नही पहुंच जाती । वस्तुओं तथा सेवाओं के आपूर्ति स्थानों से मांग स्थानों तक ले जाने हेतु परिवहन की आवश्यकता होती है ।<br>iii परिवहन के माध्यम से वस्तुएं उपभोक्ता तक पहुचती हैं ।<br>iv किसी देश का विकास वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन के साथ साथ उनके स्थानिक गतिशीलता पर निर्भर करता है ।<br>v कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 87 भू0 | 3x1=3 |
| 14 | **कृषि और उद्योगों की पारस्परिक निर्भरता**<br>i कृषि आधारित उद्योगों ने कृषि पैदावार बढ़ाने में प्रोत्साहन प्रदान किया है ।<br>ii उद्योग कच्चे माल के लिए कृषि पर निर्भर हैं।<br>iii उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे सिंचाई के लिए पंप,उर्वरक कीटनाशक दवाएं,प्लास्टिक पाइप, मशीनें व कृषि औजार आदि पर किसान निर्भर हैं।<br>iv विनिर्माण उद्योग के विकास तथा स्पर्धा से न केवल कृषि उत्पादन को बढावा मिला है अपितु उत्पादन प्रक्रिया भी सक्षम हुई है ।<br>v कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 69 भू0 | 3x1=3 |
| 15 | **आन्दोलन और हित समूह में अन्तर**<br>(i) हित समूह प्रायः समाज के किसी खास हिस्से अथवा समूह के हितों को बढ़ावा देना चाहते हैं । जैसे मजदूर संगठन ,व्यापारिक संघ डॉक्टर, शिक्षक संघ आदि दूसरी ओर आन्दोलन समूह वर्ग विशेषी होते हैं, जो एक सीमित समय सीमा के भीतर किसी एक लक्ष्य को पाना चाहते हैं । उदाहरण के लिए नेपाल का लोकतंत्र के लिए आन्दोलन, नर्मदा बचाओ आन्दोलन आदि ।<br>(ii) कुछ संगठन ऐसे होते हैं जो किसी खास हित के बजाय सामूहिक का प्रतिनिधित्व करते हैं । जैसे बामसेफ (बेकवर्ड एण्ड माइनारिटी कम्यूनिटी इम्पलाइज फेडरेशन) । कुछ आन्दोलन ज्यादा सार्वभौम प्रकृति के होते हैं और एक व्यापक लक्ष्य को बहुत बड़ी लम्बी अवधि में हासिल करना चाहते हैं उदहारण के लिए महिला आन्दोलन।<br>(iii) हित समूह ऐसे होते है जिनका उद्देश्य सर्वसामान्य हित का होता है, अपना निजी हित नहीं जैसे फेडेकोर, दूसरी ओर आन्दोलन समूह लम्बे समय तक चलते हैं, जिनमे एक से अधिक मुद्दे होते हैं जैसे पर्यावरण आन्दोलन ।<br>(iv) कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित)<br>पृ.सं 64–65 रा0शा0 | 3x1=3 |
| 16 | **फ्रांसीसी क्रान्तिकारियों द्वारा फ्रांसीसी लोगों सामूहिक पहचान की भावना**<br>i पितृभूमि और नागरिक जैसे विचारों ने एक संयुक्त समुदाय के विचार पर बल दिया,जिसे एक संविधान के अर्न्तगत समान अधिकार प्राप्त थे ।<br>ii एक नया फ्रांसीसी झंडा–तिरंगा चुना गया ,जिसने पहले के राष्ट्रध्वज की जगह ले ली ।<br>iii एक केन्द्रीय शासन व्यवस्था लागू की गयी, जिसने अपने भू भाग में रहने वाले | |

| | | |
|---|---|---|
| | नागरिकों के लिए समान कानून बनाए ।<br>iv आंतरिक आयात–निर्यात शुल्क समाप्त कर दिए गए ।<br>v भार तथा नापने की एक समान व्यवस्था लागू की गयी<br>vi कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्ही तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित)<br>पृ.सं 5 इति0<br>**अथवा**<br>**वियतनामियों के जीवन में आए बदलाव**<br>i जनता का औपनिवेशिक शासकों के साथ जीवन के हर मोर्चे पर संघर्ष ।<br>ii सबसे अधिक प्रभाव सैनिक और आर्थिक मामलों पर दिखाई पड़ा ।<br>iii वियतनामी संस्कृति को नया रूप देने के लिए फ्रांसीसीयों ने सुनियोजित प्रयास किए ।<br>iv फ्रांसीसीयों और उनके वर्चस्व का अहसास कराने वाली हर चीज के खिलाफ वियतनामी समाज के हर तबके ने जमकर संघर्ष किया । यहीं से वियतनाम में राष्ट्रके बीज पड़े ।<br>v कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्ही तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित)<br>पृ.सं 30 इति0 | 3x1=3<br><br>3x1=3 |
| 17 | **लोकतंत्र को बहेतर बनाने वाले मूल्य**<br>i नागरिकों को समानता प्रदान करना ।<br>ii व्यक्ति की गरिमा बढ़ाना ।<br>iii फैसला करने में गुणवत्ता का बढ़ाना ।<br>iv टकरावों को हल करने में तरीके प्रदान करना ।<br>v गलतियों को सुधारने की गुंजाइश रखना ।<br>vi नागरिकों को अधिकारों की गारंटी देना ।<br>vi कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित)<br>पृ.सं 90 रा0शा0 | 3x1=3 |
| 18 | **राष्ट्रवाद को साकार करने में लोककथाओं ,गीतों एवं चित्रों का योगदान**<br>i इतिहास व साहित्य,लोककथाएं व गीत, चित्र व प्रतीक, सभी ने राष्ट्रवाद को साकार करने में अपना योगदान दिया ।<br>ii भारत माता की पहचान दृश्य रूप में प्रस्तुत की गयी ।<br>iii 1870 के दशक में बंकिम चट्टोपाध्याय ने मातृभूमि की स्तुति में बन्देमातरम् गीत लिखा था।<br>iv राष्ट्रवाद का विचार भारतीय लोककथाओं को पुनर्जीवित करके भी विकसित किया गया।<br>v कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का मूल्यांकन अपेक्षित)<br>पृ.सं 1 इति0 | 3x1=3 |


| | | |
|---|---|---|
| 19 | (i) बहुराष्ट्रीय कम्पनियां अतिरिक्त निवेश के लिए स्थानीय कम्पनियों को धन प्रदान करती हैं जिससे वे तीव्र उत्पादन के मशीनें खरीद सकें ।<br>(ii) बहुराष्ट्रीय कम्पनियां उत्पादन की नवीनतम प्रौद्योगिकी अपने साथ लाती हैं ।<br>(iii) वे नई प्रौद्योगिकी में और नई उत्पादन विधियों में निवेश करती हैं और अपना उत्पादन बढ़ाती हैं ।<br>(iv) कुछ एक स्थानिय कम्पनियों ने विदेशी कम्पनियों के साथ सफल सहयोग से लाभान्वित हुई हैं ।<br>(v) कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 67 अर्थ0 | 3x1=3 |
| 20 | **लौह– अयस्क की 'ओडिशा–झारखंड़ पेटी'**<br>i ओडिशा में उच्च काटि का हेमेटाइट किस्म का लौह अयस्क पाया जाता है।<br>ii लौह अयस्क मयूरभंज व केंदूझर जिलों में बादाम पहाड़ खदानों से निकाला जाता है ।<br>iii इसी से सन्निहद झारखंड़ के सिंहभूम जिले से गुआ तथा नोआमंड़ी से हेमेटाइट अयस्क का खनन किया जाता है ।<br>iv कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन बिन्दुओं का वर्णन अपेक्षित)<br>पृ.सं 56 भू0 | 3x1=3 |
| 21 | **वैश्वीकरण की प्रकिया में प्रौद्योगिकी का योगदान**<br>i विगत पचास वर्षों में परिवहन प्रौद्योगिकी बहुत उन्नति हुई है ।<br>ii इसने लम्बी दूरियों तक वस्तुओं की तीव्रतर आपूर्ति को कम लागत पर संभव किया है ।<br>iii वर्तमान समय में दूरसंचार,कम्प्यूटर और इंटरनेट के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी द्रुत गति से परिवर्तित हो रही है ।<br>iv प्रौद्योगिकी ने इन सुविधाओं को संचार उपग्रहों द्वारा सुगम बनाया है ।<br>v दूरसंचार सुविधाऐं विश्व भर में एक दूसरे से संपर्क करने में प्रयोग की जाती हैं ।<br>vii इंटरनेट से हम तत्काल इलेक्ट्रानिक डाक(ई–मेल) भेज सकते हैं और अति कम मूल्य पर विश्व भर में बात (वायस मेल) कर सकते हैं ।<br>vii कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 63 अर्थ0 | 5x1=5 |
| 22 | **भारत में राजनीतिक दलों के सुधार के प्रयास**<br>i विधायकों और सांसदों को दलबदल करने से रोकने के लिए संविधान में संशोधन किया गया ।<br>ii उच्चतम न्यायालय ने पैसे और अपराधियों का प्रभाव कम करने के लिए एक आदेश जारी किया गया ।<br>iii चुनाव लड़ने वाले हर उम्मीदवार को अपनी सम्पत्ति का ब्यौरे का शपथ पत्र के माध्यम से देना अनिवार्य कर दिया गया ।<br>iv चुनाव आयोग ने एक आदेश के जरिए सभी दलों के लिए सांगठनिक चुनाव कराना और आयकर का रिटर्न भरना आवश्यक कर दिया है । | |

| | | |
|---|---|---|
| | v इस नयी व्यवस्था से लोगों को बहुत सी पक्की सूचनाएं उपलब्ध होने लगी हैं ।<br>vi कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 85 रा0शा0 | 5x1=5 |
| 23 | **सड़क परिवहन,रेल परिवहन की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक है**<br>(i) रेलवे लाइन की अपेक्षा सड़कों की निर्माण लागत बहुत कम है ।<br>(ii) सड़के अपेक्षाकृत उबड़–खाबड़ व विछिन्न भूभागों में बनाई जा सकती हैं ।<br>(iii) अधिक ढ़ाल प्रवणता तथा पहाड़ी क्षेत्रों में भी सड़क निर्मित की जा सकती हैं ।<br>(iv) अपेक्षाकृत कम व्यक्तियों, कम दूरी व कम वस्तुओं के परिवहन में सड़कें रेलवे की अपेक्षा मितव्ययी होती हैं ।<br>(v) सड़कें घर घर सेवाएं उपलब्ध कराती हैं तथा सामान के चढ़ाने और उतारने की लागत भी अपेक्षाकृत कम हैं ।<br>(vi) सड़क परिवहन अन्य परिवहन साधनों के उपयोग में एक कड़ी के रूप में कार्य करता है जैसे सड़कें,रेलवे स्टेशन, वायु और समुद्री पत्तनों को जोड़ती है ।<br>(vii) कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं पांच बिन्दुओं का व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 67 भू0 | 5x1=5 |
| 24 | **वियाना सम्मेलन की मेजबानी**<br>डयूक मैटरनिख<br>(1अंक)<br>**वियाना संधि द्वारा किए गए परिवर्तन**<br>i बूर्बो वंश को सत्ता में बहाल किया गया जो फ्रांसीसी क्रान्ति के दौरान हटाए गए ।<br>ii फ्रांस ने उन इलाकों को खो दिया जिन पर कब्जा उसने नेपोलियन के अधीन किया गया ।<br>iii फ्रांस की सीमा पर कई राज्य कायम कर दिए गए, ताकि फ्रांस भविष्य में विस्तार न कर सके ।<br>iv नीदरलैण्डस का राज्य स्थापित किया गया,जिसमे बेल्जियम शामिल था ।<br>v पूर्व में रूस का भाग सौपा गया ।<br>vi प्रशा को उसकी पश्चिमी सीमाओं पर महत्वपूर्ण नए इलाके दिए गए ।<br>vii आस्ट्रिया को उत्तरी इटली का नियन्त्रण सौपा गया ।<br>vii कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं चार बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित)<br>(4x1=4अंक)<br>पृ.सं 10–11 इति0<br>**अथवा**<br>**होआ–हाआ आन्दोलन**<br>i यह आन्दोलन उन्नीसवीं सदी के फ्रांसीसी विरोधी आन्दोलनों में उपजे विचारों से प्रेरित था।<br>ii होआ–होआ आन्दोलन के संस्थापक जादू टोना और गरीबों की मदद किया करते थे।<br>iii वह व्यर्थ खर्चों के खिलाफ थे । इस संदर्भ में व्यापक रूप से लोगों से अनुरोध | 1+4=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | किया ।<br>iv वह बालिका बधुओं की खरीद फरोक्त शराब व अफीम के प्रखर विरोधी थे ।<br>v राजनीतिक दल ऐसे आन्दोलनों से जुड़े जनसमर्थन का फायदा उठाने की तो कोशिश करते थे, लेकिन उनकी गतिविधियों से बेचैन भी रहते थे ।<br>vi साम्राज्यवादी भावनाओं को झकझोरने में ऐसे आन्दोलनों के योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता ।<br>vii ऐसे समूहों पर नियंत्रण और अपना अनुशासन कायम करने में काफी परेशानी महसूस होती थी; न ही वे उनके रीतिरिवाजों और व्यवहारों का समर्थन कर पाते थे ।<br>viii कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं पांच बिन्दुओं का विश्लेषण अपेक्षित)<br>पृ.सं 40 इति0 | 5x1=5 |
| 25 | **राजनीतिक दलों के कार्य**<br>(i) राजनीतिक दल चुनाव लड़ते हैं ।<br>(ii) राजनीतिक दल दल अलग अलग नीतियों और कार्यक्रमों को रखते हैं ।<br>(iii) दल देश के कानून निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं ।<br>(iv) वे सरकार बनाते हैं और चलाते हैं ।<br>(v) कुछ अल्पमत वाले दल शासक दल के विरोधी पक्ष की भूमिका निभाते हैं ।<br>(vi) कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 73–74 रा0शा0 | 5x1=5 |
| 26 | **गांधी जी के विचारों और 'स्वराज' की अवधारणा के बारे में मजदूरों की समझ**<br>i बागानी मजदूरों के लिए आजादी का महत्व था कि वे उन चारदीवारियों से जब चाहे आ जा सकते हैं जिनमें उनको बंद करके रखा गया था ।<br>ii वे अपने गावों से सम्पर्क रख पाएंगे ।<br>iii बागानों में काम करने वाले मजदूरों को बिना इजाजत के बागान से बाहर जाने की छूट नहीं थी। उन्हें इजाजत कभी कभी मिलती थी।<br>v जब उन्होंने असहयोग आन्दोलन के विषय मे सुना तो हजारों मजदूर अपने अधिकारियों की अवहेलना करने लगे। उन्होंने बागान छोड़ दिए और अपने घरों को चल दिए ।<br>v उन्हें लगता था कि गांधी राज आ रहा है । इसलिए अब तो हरेक को अपने गांव में जमीन मिल जाएगी ।<br>vi कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं पांच बिन्दुओं का व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 60 इति0 | 5x1=5 |
| 27 | **बजार में नियमों और विनियमों की आवश्यकता**<br>(i) अकेला उपभेक्ता प्रायःअपने को कमजोर स्थिति में पाता है । खरीदी गई वस्तु या सेवा के बारे जब भी कोई शिकायत होती है , तो विक्रेता सारा उत्तरदायित्व क्रेता पर ड़ालने का प्रयास करता है।<br>(ii) कभी कभी व्यापारी अनुचित व्यापार करने लग जाता है । जैसे दूकानदार उचित वजन से कम वजन तौलता है ।<br>(iii) जब उत्पादक थोड़े और शक्तिशाली होते हैं तो बाजार उचित तरीके से कार्य नहीं | |

| | | |
|---|---|---|
| | करता । सिगरेट कम्पनियों से यह बात मनवाने के लिए कि उनका उत्पाद कैंसर का कारण हो सकता है , न्यायालय से लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ी ।<br>(iv) बड़ी कम्पनीयां विशाल पूंजी,शक्ति और पहुच के बल पर विभिन्न प्रकार से बाजार को प्रभावित कर सकती है । उपभेक्ताओं को आकर्षित करने को वे समय समय पर मीड़िया और अन्य स्रोतों से गलत सूचना देते हैं ।<br>(vi) अधिक पूंजी वाली शक्तिशाली और समृद्ध कम्पनियां विभिन्न प्रकार से चालाकी पूर्वक बाजार को प्रभावित कर सकती हैं । उदहारण के लिए एक कम्पनी ने यह दावा करते हुए कि माता के दूध हमारा उत्पाद बेहतर है । सर्वाधिक वैज्ञानिक उत्पाद के रूप में शिशुओं के लिए दूध का पाउड़र पूरे विश्व में कई वर्षों तक बेचा । कई वर्षों के लगातार सम्पर्क के बादकम्पनी को यह स्वीकार करना पड़ा कि वह झूठे दावे करती आ रही थी ।<br>(vii) कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं पांच बिन्दुओं की व्याख्या अपेक्षित)<br>पृ.सं 51 अर्थ0 | 5x1=5 |
| 28 | **पटसन उद्योग के समक्ष चुनौतियां**<br>i अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में कृत्रिम वस्त्रों से कड़ी स्पर्धा ।<br>ii मांग बढाने हेतु उत्पादन मे विविधता का आवश्यक होना ।<br>iii बंग्लादेश, ब्राजील आदि देशों से कड़ी स्पर्धा ।<br>iv कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं दो बिन्दुओं का व्याख्या अपेक्षित)<br>(2X1=2)<br><br>**राष्ट्रीय पटसन नीति के उद्देश्य**<br>i पटसन का उत्पादन बढ़ाना ।<br>ii गुणवत्ता में सुधार ।<br>iii पटसन उत्पादक किसानों को अच्छा मूल्य दिलाना ।<br>iv प्रति हैक्टेयर उत्पादकता को बढ़ाना ।<br>v कोई अन्य संदर्भित बिन्दु ।<br>(किन्हीं तीन की व्याख्या अपेक्षित)<br>(3x1=3)<br>पृ.सं 74 भू0 | 2+3=5 |
| 29 | उत्तर के लिए संलग्न भरा मानचित्र देखें ।<br>**दृष्टिबाधित परीक्षार्थीयों के लिए**<br>(29.1) चौरी चौरा<br>(29.2) खेड़ा<br>(29.3) मद्रास (चेन्नई) | (3x1=3) |
| 30 | उत्तर के लिए संलग्न भरा मानचित्र देखें ।<br>**दृष्टिबाधित परीक्षार्थीयों के लिए**<br>(30.1) कलपक्कम<br>(30.2) पारादीप<br>(30.3) पश्चिम बंगाल | 3x1=3 |

MAP for Q. No. 29



MAP for Q. No. 30

